 ISSN : 2583-2948

एलंथूर के दानव

प्रो॰ सदानंद भोसले
सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
फोन – 8999380162
ईमेल- skbhosale3131@gmail.com

एक था भगवान एक थी लैला

धन के दोनों प्यासे

प्यास ने इनका चैन छिना

खोजने उपाय------

मोहम्मद शमी उर्फ रशीद बाबा – ढूंढा

दोनों ने पकड़े बाबा के चरण

करो बाधा – हरण

बाबा को दया आई

उसने साधकों को दिया अनुग्रह?

तुम्हारा भाग्य खून का प्यासा?

प्यास बुझाने धन की तुम्हारी

आदमी के रक्त से करो अभिषेक?

होगी तब तुम्हारी बरकत

बाबा का कहा साधकों ने माना

एक बार नहीं दो बार

आदमी के रक्त से

देवभूमि में ---------

अभिलाषा का हुआ रक्त अभिषेक

अखिल मानवता को लगा कलंक

देव भूमि का यह किस्सा-------

‘आदमी’ बड़ा या ‘धन’??

फैल गया जन – जन में

सोचो अपने मन में.......!

 ISSN : 2583-2948

(संदर्भ : थिरुवल्ला के पास कोझेंचेरी तहसील के एलंथूर गाँव में धन संपत्ति पाने के लिए नर बली दिया गया। केरल में)

सिर्फ एक बार

भूखे हर कान ने अक्सर सुना

वतन हमारा सुजलाम सुफलाम!

भूखी हर आँख ने देखा

अनाज हरण करते भूत खुलेआम

भूतों से भयभीत

अनगिनत बेजान नंगे पैर

अहर्निश गतिमान

बेपनाह इन पैरों संग दो कदम चलने

सिर्फ़ एक बार

अहंकार छोड़ हमदर्द बनो....

यह हमदर्द प्रज्ञा – संस्कार

सत् – चित् आत्म-साक्षात्कार

सृष्टि – सहजीवनाधार

मानव धर्म-स्वीकार

करुणा-पारावार महामानव बनने

सिर्फ़ एक बार

अहंकार छोड़ो हमदर्द बनो....